भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1858
दिनांक 31 जुलाई 2025

इथेनॉल के औसत सम्मिश्रण में सुधार

†1858 श्री कृपानाथ मल्लाह:
श्री प्रदीप कुमार सिंह:
श्री अशोक कुमार रावत:
श्री तापिर गाव:
श्री अनन्त नायक:
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा:
डॉ. संजय जायसवाल:
श्री महेश कश्यप:
डॉ. विनोद कुमार बिंद:
श्री रोडमल नागर:

क्या *पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस* मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2013-14 से अब तक इथेनॉल आपूर्ति में कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) वर्ष 2023-24 की तुलना में इथेनॉल के औसत सम्मिश्रण में कितना सुधार हुआ है; और

(ग) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के कितने खुदरा बिक्री केंद्रों ने ई-20 पेट्रोल का वितरण शुरू कर दिया है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग): सरकार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में एथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दे रही है जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियाँ (ओएमसीज) एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री करती हैं। ईबीपी कार्यक्रम के तहत, पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2013-14 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर ईएसवाई 2023-24 में 700 करोड़ लीटर से अधिक हो गया, जो ईएसवाई 2013-14 में 1.53% मिश्रण से बढ़कर ईएसवाई 2023-24 में लगभग 14.6% हो गया। इसके अलावा, दिनांक 30.06.2025 की स्थिति के अनुसार, चल रहे एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2024-25 के लिए 18.93% के मिश्रण प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त करने के साथ पेट्रोल में कुल 661.06 करोड़ लीटर एथेनॉल का मिश्रण किया गया। जून, 2025 के माह के दौरान,19.92% एथेनॉल का मिश्रण किया गया। पूरे देश की मुख्य भूमि के सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) के सभी बिक्री केन्द्रों में पेट्रोल की बिक्री और ई20 पेट्रोल के वितरण की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

*****